हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 12 अंक : 200 देहरादून, बृहस्पतिवार, 01 फरवरी 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08




सीएम धामी ने की पंजीकृत श्रमिकों को कम्बल वितरण अभियान की शुरुआत 3

# सीएम पुष्कर सिंह धामी ने किया आई.टी.डी.ए का औचक निरीक्षण

## सीएम हेल्पलाइन 1905 और इंटीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 01 फरवरी : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आई.टी.डी.ए का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाइन 1905 और इंटीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाईन के कंट्रोल रूम से अल्मोड़ा जनपद के पच्योना गांव के निवासी लाल सिंह की समस्या सुनी। उन्होंने जिलाधिकारी अल्मोड़ा को निर्देश दिये कि शिकायत का शीघ्र संज्ञान लेते हुए समाधान किया जाए। लाल सिंह ने सीएम हेल्पलाइन 1905 पर शिकायत की थी कि खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के उनका राशन कार्ड रद्द कर दिया गया है। जिसके कारण क्षेत्रीय राशन डीलर द्वारा उन्हें राशन नहीं दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने लाल सिंह से बात करते हुए कहा कि उनकी समस्या का शीघ्र समाधान किया जायेगा। उन्होंने जिलाधिकारी अल्मोड़ा को निर्देश दिये हैं कि जिला पूर्ति अधिकारी अल्मोड़ा के स्तर पर लंबित इनकी समस्या का समाधान जल्द कराया जाए।

■ इंटीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर से यातायात व्यवस्थाओं का भी मुख्यमंत्री ने किया अवलोकन

**कंट्रोल रूम से शिकायतकर्ता अल्मोड़ा निवासी लाल सिंह से बात कर समस्या कर शीघ्र समाधान करने का मुख्यमंत्री ने दिया आश्वासन**

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने आई.टी.डी.ए के इंटीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर से यातायात व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया। उन्होंने यातायात व्यवस्थाओं में लगे सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि यातायात की सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखी जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही भी की जाए। सीएम हेल्पलाईन 1905 के कंट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कंट्रोल रूम में कार्य कर रहे कार्मिकों से कहा कि लोगों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित जो भी फोन कॉल आ रहे हैं, लोगों से शालीनता से बात कर उनकी समस्याएं सुने और जिस विभाग से संबंधित शिकायत है, यथा शीघ्र संबंधित विभागों को भेंजे। मुख्यमंत्री हर माह स्वयं सीएम हेल्पलाइन 1905 की विस्तृत समीक्षा करते हैं। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान आई.टी.डी.ए की विभिन्न गतिविधियों का जायजा भी लिया।

इस अवसर पर सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम एवं उपाध्यक्ष एम.डी.डी.ए बंशीधर तिवारी भी मौजूद थे।



# फिर बदला मौसम, गंगोत्री-यमुनोत्री समेत इन क्षेत्रों में बर्फबारी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**





उत्तरकाशी 01 फरवरी : मौसम विभाग की भविष्यवाणी सच साबित हुई। उत्तराखंड में बारिश-बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। तड़के गंगोत्री व यमुनोत्री धाम सहित आस-पास बर्फबारी हुई, जबकि बड़कोट तहसील क्षेत्र में बारिश दर्ज की गई।

राजधानी देहरादून समेत पहाड़ों की रानी मसूरी, धनोल्टी और कैम्पटी में हल्की धूप है, लेकिन ठंडी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। चकराता के लोखंडी में सीजन की पहली बर्फबारी हुई।पर्यटक पिछले कई हफ्तों से प्रदेश में बर्फबारी होने का इंतजार कर रहे थे, अब क्योंकि बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है, ऐसे में पर्यटकों के बड़ी तादाद में उत्तराखंड पहुंचने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। इसके लिए मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।2500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। इस तरह करीब ढाई माह बाद प्रदेश में वर्षा के आसार हैं। जिससे ठंड और बढ़ने वाली है। हिमालय क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ दस्तक दे चुका है।

पर्वतीय क्षेत्रों में बादल मंडरा रहे हैं। उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी बर्फबारी हो सकती है।

# रुद्रप्रयाग में गहरी खाई में गिरी कार, एक की मौत

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रुद्रप्रयाग 01 फरवरी : उत्तराखंड में खराब मौसम के बीच सफर जोखिम भरा बना हुआ है। जगह-जगह सड़क हादसे हो रहे हैं। ताजा मामला रुद्रप्रयाग का है, जहां एक कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। इस हादसे में कार सवार एक शख्स की मौत हो गई, जबकि दूसरा शख्स घायल हो गया है। हादसा तिलवाड़ा-मयाली मोटरमार्ग पर हुआ। जहां वाहन चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। जिसके बाद बेकाबू कार गहरी खाई में जा गिरी।सूचना मिलने के बाद आपदा प्रबंधन की टीम मौके के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंचकर घायल को खाई से निकाल कर 108 एंबुलेंस सेवा की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के वक्त कार में दो लोग सवार थे, जिनमें से एक की मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वाले शख्स की शिनाख्त किशन कठैत के रूप में हुई।वह 52 वर्ष साल के थे और सकलाना खोल, तिलवाड़ा के रहने वाले थे। हादसे में कैलाश जगवाण निवासी जगतोली सांदर घायल हुआ है। डीडीआरएफ टीम द्वारा घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय भेजा गया है। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना देकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि उत्तराखंड में इन दिनों यातायात सुरक्षा माह के तहत कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। लोगों को सुरक्षित यातायात के बारे में बताया जा रहा है, इसके बावजूद प्रदेश में सड़क हादसों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। कहीं रफ्तार का जुनून तो कहीं खराब मौसम लोगों की जान ले रहा है।

# ग्लोबल वार्मिंग का असर, समय से पहले खिला बुरांश का फूल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

श्रीनगर गढ़वाल 01 फरवरी : उत्तराखंड में ग्लोबल वार्मिंग का असर साफ दिखने लगा है। बारिश का पैटर्न बदला है, दिसंबर-जनवरी के महीने में भी पहाड़ों पर बर्फबारी नहीं हुई। किसान परेशान हैं, मौसम चक्र की मार उत्तराखंड की वनस्पतियों पर भी पड़ रही है। आपको जानकर हैरानी होगी कि आमतौर पर फरवरी, मार्च में खिलने वाला बुरांस का फूल इस बार जनवरी में ही खिल गया है। उत्तराखंड में पाई जाने वाली 26 जड़ी बूटियों पर भी बदले मौसम चक्र की मार पड़ने वाली है। जानकार इसे लेकर बेहद परेशान हैं।

उत्तराखंड में इस वर्ष सर्दियों में अभी तक पहाड़ी इलाकों में एक दिन भी बारिश नहीं हुई है। शुष्क मौसम के कारण हिमालय की जैव विविधता बुरी तरह से प्रभावित हुई है। कम बर्फबारी के कारण इस वर्ष बुरांस का फूल भी फरवरी, मार्च के बजाय जनवरी माह में खिल गया है। साथ में 26 से अधिक हिमालयी रीजन में पाई जाने वाली जड़ी बूटियों के प्रजनन चक्र पर बुरी तरह प्रभाव पड़ने से इनका अस्तित्व भी संकट में है। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केन्द्रीय विवि के उच्च शिखरीय पादप शोध संस्थान में डायरेक्टर डॉ. विजय कांत पुरोहित का कहना है कि इस वर्ष पिछले 6 माह से बारिश नहीं हुई है,





बर्फबारी भी कम हुई। मौसम में गर्मी बढ़ने के कारण बुरांस, फ्योंली जैसे फूल भी वक्त से पहले ही खिल गए हैं। इसके अलावा उच्च हिमालय में पाई जाने वाली जटामासी, कुटकी, चोरी, ब्रह्मकमल जैसी 26 से अधिक जड़ी बूटियों पर भी इसका प्रभाव पड़ा है। बर्फबारी ना होने के कारण इनके प्रजनन पर असर पड़ा है, जिससे इनके उत्पादन पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। गढ़वाल विवि के हॉर्टिकल्चर विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. तेजपाल बिष्ट बताते हैं कि बुरांस के पहले खिलने को आप साधारण रूप से नहीं ले सकते हैं। अगर यूँ ही वक्त से पहले बुरांस खिल रहा है तो उसकी मेडिसिनल क्वालिटी घटेगी। मांग भी घटने लगेगी। ऐसे में किसानों और उससे जुड़े छोटे उद्योगों को नुकसान उठाना पड़ेगा। यह हिमालय जैव विविधता के लिए खतरे का संकेत है।

# नींद में बोलने का अध्यात्म से क्या है कनेक्शन, इस आदत से कैसे पाएं छुटकारा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 01 फरवरी : कई लोगों को नींद में बोलने या बड़बड़ाने की आदत होती है। नींद में बोलने का संबंध आपके अवचेतन मन में चल रही बहुत सी बातों से होता है। नींद में बोलने की इस आदत के कुछ धार्मिक कारण भी हैं। जो आपके निजी जीवन के बारे में भी बताते हैं। नींद में बोलने की स्थिति आपके निजी जीवन को दर्शाती है। यह प्रेम, डर और भावनाओं को दबाने जैसी बात से भी जुड़ा है। आध्यात्मिक दृष्टिकोण के अनुसार, नींद में बोलना इस बात को दर्शाता है कि आप अपने जीवन में जहां फंसे हुए हैं वहां से अब आगे निकलने का समय आ गया है

भविष्य में आपको इस स्थिति से बाहर निकलने का बहुत ही अच्छा अवसर मिलने जा रहा है। नींद में अगर आप अपने पूर्वजों से बात करते हैं तो वह आपको समस्याओं का सही हल भी बता सकते हैं। मनोवैज्ञानिकों के मुताबिक ये आदत व्यक्ति के दिमाग में चल रहे तनाव को दर्शाती है।



यह समस्या उन लोगों को ज्यादा परेशान करती है जो पहले से ही किसी मानसिक समस्या का सामना कर रहे हैं। नींद में ज्यादातर व्यक्ति ऐसी बातें बोलता है जो उसने अपने मन के भीतर दबाकर रखी हैं। इस आदत से छुटकारा पाने के लिए अपने मन में छिपी बातों को किसी-न-किसी से कहने का प्रयास करें। अगर संभव हो तो अपनी दबी इच्छाओं को पूरा करने की कोशिश करें। इन उपायों से आपको काफी हद तक नींद में बोलने की समस्या से राहत मिलेगी।

# स्मार्टफोन की लत से बढ़ रहे हैं ये 6 तरह के दर्द

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 01 फरवरी : स्मार्टफोन आज के ज़माने में हर किसी की ज़रूरत बन गया है। लोगों को इसकी ऐसी लत लगी है के इसके बिना हम कॉन्फिडेंट महसूस नहीं करते। इसमें कोई शक नहीं कि स्मार्टफोन ने हमारी ज़िंदगी को आसान बनाया है, लेकिन साथ ही यह कई नई तरह की समस्याओं को पैदा भी कर रहा है। खासतौर पर फोन हमारी सेहत को कई तरह से प्रभावित करता है। फोन को रोज़ और लगातार इस्तेमाल करने से हमारा शरीर तनाव में आ जाता है, उसे सही तरीके से आराम नहीं मिल पाता और इसी थकावट का असर शरीर के कई हिस्सों में नज़र आता है।

आजकल जो स्मार्टफोन आते हैं उनका साइज़ काफी बड़ा होता है। दिनभर सोशल मीडिया पर एक्टिव होने की वजह से हमारे हाथ की छोटी उंगली काफी मुड़ती है, जिससे कुछ समय बात इसमें दर्द होना शुरू हो जाता है। यह दर्द आता जाता रहता है, लेकिन डॉक्टर्स इसे लेकर चेतावनी देते हैं, कि लंबे समय में यह उंगली में अकड़न का भी कारण बन सकता है। भले ही यह इस वक्त किसी बड़ी समस्या का कारण न बन रहा है, लेकिन फिर भी भविष्य में उंगलियों की जकड़न से बचने के लिए फोन का उपयोग सीमित ही रखें।

जैसा की नाम से जाहिर है, लगातार फोन को देखते रहने की वजह से गर्दन लगातार झुकी रहती है, जो इसकी सही पोज़ीशन नहीं है। इससे गर्दन पर काफी दबाव पड़ता है और आप अक्सर गर्दन के सात कंधों पर दर्द का अनुभव करते हैं। कुछ समय पहले हुई एक स्टडी में पाया गया कि 18 से 24 साल के 84 फीसदी युवा कमर दर्द से जूझते हैं। यह एक ऐसी उम्र है जिस दौरान आप हेल्थ की चरम पर होते हैं, इसलिए शरीर में लगातार दर्द होना सही नहीं है। मोबाइल और नई टेक्नोलॉजी के इस ज़माने में हम लगातार झुकते जा रहे हैं। झुक कर चलने या बैठने से हमारी कमर जवाब देने लगी है। हम पूरा दिन मोबाइल पर सोशल मीडिया को स्क्रॉल करने से खुद को रोक नहीं पाते। इसके अलावा हम लगातार लैपटॉप या डेस्कटॉप पर काम भी करते हैं, टीवी भी देखते हैं। जिससे हमारी आंखों पर दबाव पड़ता है, आंखें कमजोर तो होती हैं साथ ही ड्राईनेस की समस्या भी होने लगती है। दरअसल, गैजेट्स का इस्तेमाल करते वक्त हम पलकों को झपकाना भूल जाते हैं, जिससे आंखों में सूखापन आने लगता है। ड्राईनेस से इन्फेक्शन और अन्य समस्याएं भी होती है।

इसके लिए ज़रूरी है कि आप काम के बीच हर 20 मिनट में आंखों को 20 सेकेंड के लिए आराम दें। गैजेट्स को दूर भी रखें और हां, पलकों झपकाना न भूलें। साथ ही आप मोबाइल या लैपटॉप की ब्राइटनेस को भी कम कर सकते हैं। स्मार्टफोन को घंटों हाथों में पकड़कर रखने से आपके हाथ ज्यादातर समय मुड़े ही रहते हैं। जिससे यह दर्द पैदा होता है। अगर आपकी कोहनी में दर्द, सुन या झनझनाहट अक्सर रहती है, तो इसके पीछे आपका फोन का उपयोग हो सकता है। इसके लिए भी आपको फोन का उपयोग कम करना होगा। साथ ही रोज़ हाथों के लिए स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करें, ताकि ब्लड सर्कुलेशन ठीक रहे।



# दून में रोमांच का दूसरा नाम है होराइजन स्काई एक्सपीरियंस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 01 फरवरी : क्या आप भी देहरादून-मसूरी की खूबसूरती को एक ही बार में आंखों में समेट लेना चाहते हैं। 160 फीट की ऊंचाई पर दून की वादियों को निहारते हुए हवा में लंच, ब्रेकफास्ट और डिनर एंजॉय करना चाहते हैं तो अब आप अपने इस सपने को सच कर सकते हैं। देहरादून-मसूरी रोड पर पर्यटक होराइजन स्काई एक्सपीरियंस का मजा ले सकते हैं। होराइजन स्काई एक्सपीरियन्स रोमांच का दूसरा नाम है।

बंजी जम्पिंग, स्काई डाइविंग और अंडर वाटर राइड के शौकीनों के लिए ये अनुभव बेहद शानदार रहने वाला है सैलानियों की छुट्टियों को रोमांचकारी और यादगार बनाने के लिए टूरिस्ट प्लेस पर नए-नए प्रयोग किए जा रहे हैं और राजधानी देहरादून में भी अपनी तरह का नया प्रयोग किया गया है।



अब दून-मसूरी आने वाले पर्यटक 160 फीट की ऊंचाई पर हवा में ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर का आनंद ले सकते हैं। इस तरह अब देहरादून में भी स्काई एक्सपीरियंस राइड ली जा सकती है। यहां से लोग खूबसूरत वादियों के साथ सनसेट को अपने फोन में कैप्चर कर सकते हैं। दून से सटे शांत इलाके अब पिकनिक स्पॉट के रूप में डेवलप हो रहे हैं। आज स्थिति ये है कि वीकेंड पर इन जगहों पर न सिर्फ शहर के लोगों का बल्कि बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों का भी तांता लगा रहता है।

# सीएम धामी ने की पंजीकृत श्रमिकों को कम्बल वितरण अभियान की शुरुआत






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 01 फरवरी : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सहस्त्रधारा रोड स्थित आईटी पार्क के समीप उत्तराखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कल्याण बोर्ड श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों को कम्बल वितरण कर पंजीकृत श्रमिकों को कम्बल वितरण अभियान की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी 03 लाख से अधिक पंजीकृत श्रमिकों को 15 दिन के अंदर कम्बल वितरण का कार्य पूर्ण किया जाय। इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्रमिकों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना और हौसला भी बढ़ाया।

मुख्यमंत्री ने भवन एवं अन्य सन्निर्माण कल्याण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिये कि श्रमिकों की सहायता के लिए जो भी योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं, यह सुनिश्चित किया जाय कि प्रत्येक पात्र को सुविधाओं का लाभ समय पर मिले। विभिन्न योजनाओं के प्रति उनको जागरूक भी किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हमें समाज के हर वर्ग के लोगों के जीवन स्तर को ऊपर लाने के लिए निरंतर प्रयास करने हैं।

इस अवसर पर सचिव श्रम आर. मीनाक्षी सुंदरम, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, श्रमायुक्त सुश्री दीप्ति सिंह एवं श्रमिक मौजूद थे।



# मुख्यमंत्री धामी ने मंत्री गणेश जोशी को जन्मदिन की बधाई दी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 01 फरवरी। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अपने 67वें जन्मदिवस के अवसर देहरादून के विभिन्न मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की गई। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने डाट काली मंदिर, दरबार साहिब, मानक सिद्ध मंदिर व कुर्मांचल भवन स्थित मां दुर्गा मंदिर और में पूजा अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने परिवार संग टपकेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की हवन यज्ञ किया और प्रदेशवासियों के सुख एवं समृद्धि की कामना की। टपकेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित भंडारे में सूबे के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र भगत सिंह कोश्यारी सहित कई बड़ी हस्तियां ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी को उनके जन्मदिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सभी का आभार जताया।





इस अवसर पर विधायक सविता कपूर, सहदेव पुंडीर, उमेश शर्मा काऊ, रेणू बिष्ट, विनोद चमोली, सुरेश चौहान, संजय डोभाल, राज्यमंत्री कैलाश पंत, विश्वास डाबर, डॉ देवेंद्र भसीन, शदाब सम्स, विनय रोहिला, टिहरी अध्यक्ष राजेश नौटियाल, काशीपुर अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, रुद्रपुर अध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व कैबिनेट मंत्री दिनेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, भाजयुमो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, निर्मला जोशी, मयंक जोशी, ज्योति कोटिया, निर्मला थापा, संध्या थापा, विष्णु गुप्ता, सिकन्दर सिंह सहित कई वरिष्ठ बीजेपी नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### फिर से बढ़ी ठंड ने किया लोगों को परेशान

रुडक़ी। मौसम के करवट बदलने के साथ ही फिर से ठंड का कहर छा गया। सुबह सूर्योदय के साथ-साथ कोहरा छाने लगा। इसके कुछ देर बाद थोड़ी धूप तो निकली लेकिन ठंड से राहत नहीं मिल सकी। कुछ देर तक धूप ने आंख मिचौली खेली। इसके बाद फिर से आसमान में कोहरे के बादल से छा गए। इससे तापमान में गिरावट आई और ठंड बढ़ गई। दो-तीन दिनों से दोपहर में निकली धूप के चलते लोगों को ठंड से राहत जरूर मिली थी, लेकिन बुधवार को फिर से ठंड बढ़ गई। इससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। शहरवासियों से लेकर ग्रामीणों को फिर से गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा है। मौसम के आ रहे बदलाव से कपड़ों के कारोबारियों में भी व्यापार को लेकर संशय बना हुआ है।

### रोडवेज के चालक परिचालक से उलझे कार सवार हंगामा

रुडक़ी। मामूली कहासुनी पर कार सवारों ने रोडवेज के चालक परिचालक से गाली गलौच कर हाथापाई कर दी। शोर शराबा होने पर रोडवेज के आसपास हंगामा खड़ा हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार सवार युवकों को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियों की कार भी सीज की गई है। सिविल लाइंस कोतवाली को बावली बागपत निवासी राजीव तोमर ने तहरीर देकर बताया कि वह यूपी रोडवेज के लोनी डिपो की बस देहरादून से दिल्ली की ओर लेकर जा रहा था। इस बीच रुडक़ी बस अड्डे पर सवारियां बैठाने के लिए बस को रोका था। तभी पीछे से यूपी 11 नंबर की कार के चालक ने हॉर्न बजाकर बस को आगे करने के लिए इशारा लिया।

### अधेड़ हत्या की गुत्थी घूम रही गांव के इर्द गिर्द

रुडक़ी। मोहम्मदपुर जट निवासी अधेड़ की हत्या के मामले में पुलिस जांच कर रही है। गांव के कुछ लोग भी पुलिस जांच के दायरे में हैं। पुलिस ने अज्ञात हत्यारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। धारदार हथियार से हमला कर सोमवार रात को ग्रामीण रमेश की हत्या कर दी गई थी। सुबूत मिटाने की नीयत से हत्यारों ने शव को नाले में फेंक उसके ऊपर कूड़ा डाल दिया था। मामले में मृतक के भतीजे सुखपाल की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई। इसमें बताया गया कि उसके चाचा रमेश अपने घर में अकेले रहते थे। मंगलवार की सुबह जब वह पशुओं को देखने के लिए उनके घर गया तो देखा कि चाचा की चप्पलों पर खून पड़ा हुआ है और चाचा वहां से गायब थे।

### कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक करेंगे स्वास्थकर्मी

रुडक़ी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया गया। इसका शुभारंभ अस्पताल प्रभारी डॉ. अभिमन्यु ने किया। उन्होंने सभी को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया। बताया कि अभियान 13 फरवरी तक जारी रहेगा। इस दौरान सभी लोगों ने कुष्ठ रोग से मुक्ति दिलाने और जागरूकता फैलाने की शपथ ली।

# सफेद चादर ओढ़े चमचमा उठा 'हिंदू कुश' पर्वत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 01 फरवरी : अमेरिकी स्पेस एजेंसी NASA (नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) अक्सर सोशल मीडिया पर अंतरिक्ष से ली गईं तस्वीरों को साझा करती रहती है और लोगों को हैरत में डालते हुए सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लेती है. हाल ही में एक बार फिर नासा ने एक तस्वीर शेयर कर लोगों को हैरान कर दिया. इस बार नासा के एस्ट्रोनॉट ने 'हिंदू कुश' पर्वत श्रृंखला की एक बेहद कमाल की जादुई तस्वीरें शेयर की है, जो यकीनन आपका भी दिल जीत लेगी.

नासा के अंतरिक्ष यात्री लोरल ओहारा ने 'हिंदू कुश' पर्वत श्रृंखला की कुछ हैरान कर देने वाली साझा की है, जिसमें पर्वत चमकते हुए नजर आ रहे हैं, जिन्हें देखकर यकीनन आपका भी दिन बन जाएगा. इन चमकते पर्वतों को एल्पेनग्लो कहा जाता है. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि, लोरल ओहारा इस वक्त इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर हैं.

क्या हैं एल्पेनग्लो



अमेरिकी मौसम विज्ञान सोसाइटी के अनुसार, चमकते पर्वत श्रृंखला को एक तरह की वातावरण परिस्थिति के चलते 'एल्पेनग्लो' नाम दिया गया है. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि, एल्पेनग्लो में बर्फ से ढकी पर्वतों की चोटी पर सूर्यास्त और सूर्यास्त के समय एक अलग ही रंगों का रिफ्लेक्शन पड़ता है. आईएसएस लेंस कैमरा से खींची गई इन तस्वीरों को देखकर आप भी पलकें झपकाना भूल जाएंगे और बस एक टक इसे देखते रह जाएंगे.

हिंदू कुश पर्वत श्रृंखला

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इन तस्वीरों को शेयर किया गया है. तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'एल्पेनग्लोः अंतरिक्ष से देखने पर यह उतना ही जादुई है जितना पृथ्वी पर. मध्य और दक्षिण एशिया में हिंदू कुश पर्वत श्रृंखला के पास.' आपकी जानकारी के लिए बता दें कि, 'हिंदूकुश' उत्तरी पाकिस्तान से मध्य अफगानिस्तान तक विस्तृत एक 800 किमी लंबी वाली पर्वत श्रृंखला है. 'हिंदूकुश' का सबसे ऊंचा पहाड़ खैब-पख्तूनख्वा के चित्राल जिले में है.

बर्फ से ढकी पहाड़ों की चोटियां

वायरल तस्वीरों में सूरज की रोशनी बर्फ से ढके पहाड़ों की चोटियों को छूती हुई दिखाई दे रही है. इस पोस्ट को अब तक 51 हजार से ज्यादा लोग देख चुके हैं. तस्वीरें देख चुके एक यूजर ने लिखा, 'इन तस्वीरों को शेयर करने के लिए धन्यवाद.' दूसरे यूजर ने लिखा, 'हैरान कर देने वाली तस्वीरें हैं.'

# सावधान : कहीं आपने शेयर तो नहीं कर दिया OTP, बैंक अकाउंट हो जाएगा खाली

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 01 फरवरी : ऑनलाइन शॉपिंग आज कल बहुत कॉमन बात है. और लोग अलग-अलग साइट का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन क्या हो कोई फेक डिलीवरी का नाम लेकर आपके पूरे पैसे ऑनलाइन गायब कर दें। जी हां ऐसा हो रहा है। आजकल फेक डिलीवरी घोटाला या कैश-ऑन-डिलीवरी घोटाला वायरल हो रहा है। स्कैमर्स ई-कॉमर्स साइटों से डिलीवरी एजेंट बनकर लोगों के बैंक खातों से सीधे पैसे चुरा रहे हैं। आइये इसके बारे में जानते हैं।

ई-कॉमर्स साइट ने ऑनलाइन डिलीवरी धोखाधड़ी से लड़ने के लिए वन टाइम पासवर्ड (OTP) डिलीवरी वेरिफिकेशन शुरू किया है। इसमें, कस्टमर से कहा जाता है कि वे अपने डिलीवरी पैकेज की जांच करें और फिर पैकेज की पाने की पुष्टि करने के लिए अपने फोन पर मिलने वाले ओटीपी को डिलीवरी एजेंट के साथ साझा करें। लेकिन अब ये OTP शेयरिंग एक अलग तरह का स्कैम ला रहा है।

स्कैमर्स अब डिलीवरी एजेंट के रूप में लोगों से पैसे लुट रहे हैं। ऐसे कई मामलों रिपोर्ट किए गए ये स्कैमर डिलीवरी एजेंट के रूप में दरवाजे पर पहुंचते हैं और डिलीवरी से पहले लोगों से OTP मांगते हैं। एक बार जब कोई व्यक्ति OTP दे देता है, तो स्कैमर उनके फोन का क्लोन बना लेते हैं. या बैंक खातों जैसे उनके डाटा को एक्सेस कर लेते हैं। स्कैमर्स उन लोगों को लक्षित करते हैं जो ई-कॉमर्स वेबसाइटों से बहुत अधिक खरीदारी करते हैं। वे उन लोगों पर नजर रखेंगे जो अक्सर डिलीवरी पैकेज लेते हैं और फिर डिलीवरी एजेंट होने का नाटक करते हुए उनके दरवाजे पर चले जाते हैं। बड़ी ई-कॉमर्स साइटों या डाकघर से पैकेज डिलीवरी का नाम लेंगे। इसके अलावा पे-ऑन डिलीवरी पार्सल कहकर भी वे अपने पैसे मांगते हैं।

अगर आप पैकेज लेने से मना करते हैं तो कैंसिल करने का नाटक करके डिलीवरी या कैंसिलेशन को प्रोसेस करने के लिए स्कैमर एक (OTP) मांगता है। स्कैमर्स को (OTP) देते ही वे आपके फोन का क्लोन बना लेते हैं। ऐसे वे आपके बैंक खाते के डिटेल को चुरा लेते हैं। कभी भी (OTP) किसी से शेयर न करें। अगर कोई पिन मांग रहा है तो उस व्यक्ति की पहचान वेरीफाई करें। कभी-कभी डिलीवरी कंपनियां डिलीवरी से पहले एक कोड भेजती हैं, ऐसी स्थिति में पैसे देने, OTP देने और डिलीवरी की पुष्टि करने से पहले हमेशा डिलीवरी पार्सल खोलकर चेक करें। अगर कोई डिलीवरी आपको कोई संदिग्ध डिलीवरी मिलती है. तो उसे स्वीकार न करें। ऑनलाइन भुगतान करने से भी आप इस समस्या से बच सकते हैं।






# उत्तरकाशी के नए डीएम बने मेहरबान सिंह बिष्ट


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 01 फरवरी : उत्तराखंड में एक बार फिर प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल हुआ है। इस बार 6 आईएएस और 12 पीसीएस अधिकारियों की जिम्मेदारी में बदलाव हुआ है। उत्तरकाशी जिले में जिलाधिकारी रहे अभिषेक रुहेला को डीएम पद से हटाकर उनकी जगह मेहरबान सिंह बिष्ट को उत्तरकाशी के जिलाधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। दूसरे अधिकारियों की जिम्मेदारी में भी बदलाव किया गया है। रवनीत चीमा को अब अपर सचिव श्रम और कृषि से हटाकर अपर सचिव पशुपालन और मत्स्य की जिम्मेदारी दी गई है।

इसी तरह आईएएस अधिकारी हरिश्चंद्र कांडपाल से उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण उधमसिंह नगर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी वापस ले ली गई है, उन्हें निदेशक सेवायोजन हल्द्वानी बनाया गया है। मुख्य विकास अधिकारी टिहरी गढ़वाल की जिम्मेदारी देखने वाले आईएएस अधिकारी मनीष कुमार को मुख्य विकास अधिकारी ऊधमसिंहनगर की जिम्मेदारी मिली है। जबकि यहां पर मुख्य विकास अधिकारी के पद पर रहे विशाल मिश्रा को मुख्य विकास






उत्तराखण्ड शासन
कार्मिक एवं सतर्कता अनुभाग-1
देहरादून: दिनांक 30 जनवरी,2024
स्थानान्तरण/तैनाती

| क्र.सं. | अधिकारी का नाम/ बैच | वर्तमान तैनाती | Removed | Added |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | [illegible] IAS-2013 | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| 2 | [illegible] IAS-2015 | जिलाधिकारी, उत्तरकाशी | जिलाधिकारी, उत्तरकाशी | [illegible] |
| 3 | [illegible] IAS-2016 | [illegible] | [illegible] | जिलाधिकारी, उत्तरकाशी |
| 4 | [illegible] IAS-2017 | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| 5 | [illegible] IAS-2018 | मुख्य विकास अधिकारी, ऊधमसिंहनगर | मुख्य विकास अधिकारी, ऊधमसिंहनगर | मुख्य विकास अधिकारी, टिहरी गढ़वाल |
| 6 | [illegible] IAS-2018 | मुख्य विकास अधिकारी, टिहरी गढ़वाल | मुख्य विकास अधिकारी, टिहरी गढ़वाल | मुख्य विकास अधिकारी, ऊधमसिंहनगर |

Signed by Shyam Singh
Date: 30-01-2024 20:24:12
Reason: Approved

अधिकारी टिहरी गढ़वाल बनाया गया है। इसी तरह 12 पीसीएस अधिकारियों के भी तबादले हुए हैं। जबकि एक स्थानापन्न डिप्टी कलेक्टर की जिम्मेदारी में भी बदलाव हुआ है।

जय भारत सिंह को संयुक्त मुख्य प्रशासक उत्तराखंड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण की जिम्मेदारी मिली है। पीसीएस मोहन सिंह बर्निया को सचिव मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण से हटाकर अब अपर आयुक्त आबकारी बनाया गया है। पीसीएस रिचा सिंह को अपर निदेशक प्रशिक्षण निदेशालय हल्द्वानी बनाया गया है। कुसुम चौहान को डिप्टी कलेक्टर हरिद्वार की जिम्मेदारी सौंपी गई। तुषार सैनी डिप्टी कलेक्टर नैनीताल बनाए गए हैं। पीसीएस चंद्रशेखर को डिप्टी कलेक्टर चमोली बनाकर भेजा गया है। भगत सिंह फोनिया को डिप्टी कलेक्टर रुद्रप्रयाग बनाया गया है। पंकज कुमार उपाध्याय को कुमाऊं मंडल विकास निगम में महाप्रबंधक बनाया गया है। युक्ता मिश्रा को उपसचिव उत्तराखंड सूचना आयोग की जिम्मेदारी मिली है। कौस्तुभ मिश्र को सचिव जिला विकास प्राधिकरण उधमसिंह नगर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। इस तरह प्रदेश के कई आईएएस और पीसीएस अधिकारियों की जिम्मेदारी में बदलाव करते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर नई जिम्मेदारियां दी गई हैं।

# भारत की GDP की रफ्तार 7.3% रहने का अनुमान : IMF डायरेक्टर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 01 फरवरी : IMF के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने भारत की GDP (India's GDP) की रफ्तार इस साल 7.3% रहने का अनुमान जताया है. उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के इकोनॉमिक्स फंडामेंटल्स मजबूत हैं. मौजूदा साल में भारत के आर्थिक विकास की रफ्तार काफी अच्छी रही है. इनका आकलन करने के बाद IMF ने अपने वर्ल्ड इकोनामिक आउटलुक रिपोर्ट में भारत को दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था में सबसे तेजी से आर्थिक विकास करने वाले अर्थव्यवस्था के तौर पर प्रोजेक्ट किया है. उन्होंने कहा कि किसानों को PM-KISAN योजना के तहत जो 6000 रुपए सहायता राशि मिलती है, उसे बढ़ाना जरूरी है.




किसानों को मिलने वाली राशि बढ़ाई जाए₹

IMF के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने कहा कि बेहतर होगा कि किसानों को साल में मिलने वाली 6000 रुपए की मौजूदा राशि को बढ़ाकर 8000 रुपए से 8500 हजार या 9000 तक करना सही होगा, क्योंकि पिछले चार-पांच साल में महंगाई की औसत दर 5% से 6% रही है. अनुमान के मुताबिक इस साल भारत की GDP की रफ्तार 7.3% रह सकती है.

2030 तक भारत बन सकता है 7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था : उन्होंने कहा कि अगर भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार अगले 3 साल 7% बनी रहती है, तो 2026-27 तक भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है. हमारा प्रोजेक्शन है कि 2030 तक भारत 7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है. अगले 2-3 साल में GST का कलेक्शन हर महीने ऑन एव्रेज बढ़कर 2 लाख करोड़ तक पहुंचने की संभावना है. उन्होंने अनुमान जताया कि Vote on Account में किसानों के लिए कोई नया प्रस्ताव हो, मिडिल क्लास के लिए भी नई घोषणा हो सकती है. ऐसा भी हो सकता है कि पर्सनल इनकम टैक्स में कुछ रिलीफ मिले.

टैक्स व्यवस्था को सरल बनाना जरूरी₹

टैक्स पर IMF के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने कहा कि सैलरीड क्लास को राहत मिलती है तो अच्छी बात है, हालांकि वह अब मुख्य आर्थिक सलाहकार नहीं हैं, लेकिन उनको लगता है कि टैक्स व्यवस्था को सरल बनाना जरूरी है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना और इंफ्रास्ट्रक्चर पर नया निवेश करने से फायदा होगा. प्रधानमंत्री आवास योजना पर अगर ज्यादा खर्च करने का ऐलान अंतरिम बजट में किया जाता है, तो इससे गांव में नए असेट्स बनेंगे, अर्थव्यवस्था पर इसका बहुत अच्छा असर होगा.

# सर्दियों में बच्चों का ऐसे रखें खास ख्याल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 01 फरवरी : बदलता मौसम और तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव सामान्य तौर पर शरीर के लिए दिक्कतें पैदा करता है। उसपर आजकल कभी भी होने वाली बारिश स्थिति को और भी चुनौती से भरा बना देती है। वयस्कों के लिए ही यह मौसम कई शारीरिक समस्याओं की वजह बन सकता है। ऐसे में छोटे बच्चों पर तो इसका असर और भी ज्यादा हो सकता है। 0-6 साल की उम्र के बच्चे जो इस तरह के मौसम का पहली बार सामना कर रहे होते हैं, उनका खास ख्याल रखना जरूरी होता है। अक्सर माता-पिता यह समझ नहीं पाते कि ठंड के मौसम में बच्चों को किस तरह के कपड़े पहनाए रखे जाने चाहिए। वे या तो बहुत सारे कपड़े पहना देते हैं या फिर कई बार सामान्य पतले कपड़ों में ही बच्चे को रहने देते हैं। ये दोनों ही स्थितियां बच्चे के हिसाब से मुश्किल खड़ी कर सकती हैं।



ठंडी और रूखी हवा, रात में और सुबह अचानक तापमान का गिरना, दिन की तीखी धूप और अचानक हो जाने वाली बारिश। ये सब कुछ सर्दियों में हो सकता है और पिछले कुछ सालों में तो मौसम का यह बदलाव और भी तीव्र हो गया है। आजकल ज्यादातर पैरेंट्स सिंगल फैमिली के रूप में रहते हैं ऐसे में उन्हें असरदार पारंपरिक नुस्खे बताने वाला भी कोई नही होता। उसपर छोटे से बच्चे और उसकी देखभाल को लेकर पहले ही उनके मन में कई सवाल चल रहे होते हैं। ऐसे में कुछ बातों का ध्यान रखना मददगार साबित हो सकता है।

ठंड के मौसम में केवल सर्दी-जुकाम ही नहीं है जो बच्चों को परेशान कर सकता है। इसके अलावा बुखार, उल्टी, दस्त, स्किन इंफेक्शन या रैशेज और फुंसियां, पेट दर्द, ड्राय कफ, डिहाइड्रेशन, निमोनिया, वायरल इंफेक्शन और कुछ मामलों में सडन इन्फेंट डेथ सिंड्रोम के शिकार भी बच्चे हो सकते हैं। सडन इन्फेंट डेथ सिंड्रोम की स्थिति जरूरत से ज्यादा कपड़े में बच्चे को लाद देने से हो सकती है। इसके अलावा शरीर के टेम्परेचर का एकदम घट जाना यानी हाइपोथर्मिया की स्थिति भी बन सकती है। कई बार बहुत तेज धूप बच्चे को सूरज की हानिकारक किरणों से होने वाले नुकसान भी दे सकती है।

# हरिद्वार में घना कोहरा बना काल अंधेरे में भिड़ी 5 गाड़ियां

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 01 फरवरी : उत्तराखंड के मैदानी इलाके घने कोहरे की चपेट में हैं, जिस वजह से यहां सफर जोखिम भरा बना हुआ है। कोहरे की वजह से कई जगह हादसे भी हुए हैं। बीती रात हरिद्वार में हुए एक ऐसे ही हादसे में कई लोग घायल हो गए। यहां रात में कोहरा अधिक होने के कारण बाईपास पर कई वाहन एक दूसरे टकरा गए। घटना हरिद्वार बाईपास की है, जहां कोहरे के कारण पांच वाहन आपस में टकरा गए। हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई।




घटना में दो लोगों के घायल होने की सूचना है। एक्सीडेंट के बाद रोड पर जाम लग गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को बाईपास से साइड में कर किसी तरह ट्रैफिक बहाल कराया। जानकारी के मुताबिक बीती देर रात हरिद्वार बाईपास पर ढंडेरी ख्वाजगीपुर के सामने एक गन्ने की ट्रैक्टर ट्राली खराब हो गई।

इस दौरान ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर ट्रॉली को साइड में खड़ा कर वाहन ठीक करने लगा। रात के वक्त कोहरा अधिक था,ऐसे में एक कार सहित चार बड़े वाहन ट्रैक्टर से टकरा गए।

जिसमें कार और ट्रैक्टर चालक घायल हो गए। हादसे के बाद बाईपास पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और वाहनों को साइड में कर जाम खुलवाया। घायलों को रुड़की के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अगर आप भी उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्रों की यात्रा पर निकल रहे हैं तो सावधान रहें। यहां कई जिले घने कोहरे की चपेट में हैं। वाहन चालकों को सावधान रहने की सलाह दी गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### महिलाओं को दिया जा रहा निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण

विकासनगर। जनजातीय क्षेत्र जौनसार बावर के केंद्र बिंदु साहिया में इन दिनों केयर इंडिया और ओएनजीसी की ओर से संयुक्त तौर पर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। क्षेत्र की 30 महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण देकर उन्हें अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए तैयार किया जा रहा है।क्षेत्र के पहाड़ी इलाक़ों में रहने वाली ग्रामीण महिलाओं को घर के काम के साथ अपनी आर्थिक स्थिति को मज़बूत करने के लिए तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग की ओर से देहरादून की और से महिलाओं को निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिया जा रहा है। केयर इंडिया देहरादून के चेयरमैन एनएस चौहान ने बताया कि सहिया क्षेत्र में कुछ माह पहले सर्वे किया गया था, जिसमें क्षेत्र की महिलाओं ने सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की मांग की थी। स्थानीय महिलाओं की मांग पर ओएनजीसी और केयर इंडिया देहरादून द्वारा प्रशिक्षण केंद्र का संचालन शुरू किया गया है। जिसमें महिलाओं को चार माह का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बताया कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात महिलाएं समूह बनाकर या व्यक्तिगत तौर पर रोजगार पैदा कर सकती हैं। स्वरोजगार शुरु करने के लिए ओएनजीसी की ओर पूरी सहायता मुहैया कराई जाएगी। मास्टर ट्रेनर विरेंद्र खन्ना ने बताया कि महिलाएं पूरी मेहनत से प्रशिक्षण ले रही हैं।

### शीशमबाड़ा में लिचेट ट्रीटमेंट प्लांट के विरोध में मुखर हुए लोग

विकासनगर। शीशमबाड़ा में बन रहे लिचेट ट्रीटमेंट प्लांट का स्थानीय लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। बुधवार बड़ी संख्या में लोग वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के सामने धरने पर बैठे। इस दौरान उनकी प्लांट का रखरखाव करने वाली कंपनी के अधिकारियों के साथ तीखी नोकझोंक भी हुई। इस दौरान मौके पर पहुंचे नगर आयुक्त बुद्धि सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खन्ना और तहसीलदार सुरेंद्र सिंह का लोगों ने घेराव कर प्रदर्शन भी किया। धरना दे रहे लोगों का नेतृत्व कर रहे सहसपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमित पंवार ने कहा कि शीशमबाड़ा वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का मामला कोर्ट में चल रहा है। सरकार की ओर से भी प्लांट को अन्यत्र शिफ्ट करने का आश्वासन दिया है, बावजूद इसके यहां नए निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। बताया कि नगर निगम इन दिनों सौ किलो लीटर क्षमता के लिचेट ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कर रहा है। इसके लिए एक नाला बनाया जा रहा है, जिसमें बरसाती पानी के साथ ही प्लांट का लिचेट भी डाला जाएगा। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि पहले ही बरसाती पानी ओवर फ्लो होकर लोगों के घरों में घुस जाता है, ऐसे में बरसाती पानी और लिचेट एक ही नाले में डालने से लोगों के घरों में गंदगी भी जाएगी। निर्माणाधीन नाले की निकासी क्षेत्र के बड़े बरसाती खाले बायांखाला में की जा रही है, जिससे प्लांट की पूरी गंदगी पछुवादून की जीवनदायिनी मानी जाने वाली आसन नदी में जाएगी। कहा कि आसन का पानी खेतों की सिंचाई के साथ ही पीने के उपयोग में भी लाया जाता है। उन्होंने कहा कि मामला कोर्ट में चल रहा है, कोर्ट का निर्णय आने तक किसी भी तरह का नया निर्माण नहीं किया जाना चाहिए। धरना प्रदर्शन करने वालों में व्यापार मंडल अध्यक्ष चैतन्य अनिल गौड़, लाल बहादुर थापा, वीर सिंह रावत, राम सिंह, ममता त्यागी, बीना बमराड़ा, सुनीता सकलानी, रश्मि, कुसुम, राधिका, रागिनी आदि शामिल रहे। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खन्ना का कहना है कि एनजीटी के नियमों के अनुसार ही लिचेट ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जा रहा है। अभी सिर्फ तीस किलो लीटर प्रतिदिन क्षमता का एलटीपी है, अब इसकी क्षमता बढक़र सौ किलो लीटर प्रतिदिन हो जाएगी। -

### जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे कार्यों पर रोक लगाने की मांग

विकासनगर। ग्राम कुराड़, खनाड़, सिचाड़ के ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी चकराता को ज्ञापन भेजकर पेयजल निगम पुरोड़ी-डाकपत्थर द्वारा गांव में होने वाले जल जीवन मिशन के कार्यो को निरस्त करने की मांग की है। लेकिन विभाग उसके बाद भी कार्य नहीं रोक रहा है। उन्होंने विभाग से उक्त कार्यो को बंद करने की बात कही है।ग्रामीणों का कहना है कि इन गांवो में पूर्व में ही पर्याप्त पेयजल लाइन बिछी हुई हैं। लेकिन विभाग सरकारी धन को ठिकाने लगाने के लिए बेवजह लाइन बिछाए जा रहा है, जो गलत है। उन्होंने कहा कि कि पूर्व में भी वह विभाग से इस बारे में गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अधिकारी इस ओर ध्यान नही दे रहे हैं।

# चालान का मैसेज इग्नोर करने वाले के लिए पुलिस का बड़ा प्लान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 01 फरवरी : क्या आप भी ऑनलाइन चालान का मैसेज देखकर इग्नोर कर देते हैं, ऐसा न करें। दून में ऑनलाइन चालान की अनदेखी करने वालों को अब पुलिस फोन करेगी और फोन पर ही उन्हें चालान भरने की याद दिलाएगी। ऑनलाइन चालान को लेकर लोग कितने बेफिक्र हैं, इसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि देहरादून पुलिस के करीब डेढ़ लाख से ज्यादा ऑनलाइन चालान लोगों ने नहीं भरे हैं। इनसे तकरीबन 30 करोड़ से भी अधिक की वसूली की जानी है।

ऐसे में पुलिस वसूली के लिए नए प्रयोग के बारे में सोच रही है। इसके लिए किसी ऐसी कंपनी से भी बात की जाएगी जो वाहन स्वामी के फोन नंबर पर कॉल कर उन्हें चालान भरने की याद दिलाए। दून और आस-पास के इलाकों में दो साल पहले ऑनलाइन चालान काटने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। इनमें नो पार्किंग, रेड लाइट जंप, ओवर स्पीड आदि के चालान शामिल हैं। शहर में अब भी दिल्ली या अन्य शहरों की जैसी प्रक्रिया नहीं है। दिल्ली में ऑनलाइन चालान कटने पर इसे तत्काल परिवहन विभाग को भेज दिया जाता है। इससे ऑनलाइन चालान की डिटेल आरसी पर आ जाती है।

क्योंकि उत्तराखंड में ऐसी प्रक्रिया नहीं होती, इसलिए लोग ऑनलाइन चालान भरने में कोताही बरतते हैं। पिछले दिनों बाहर के लोगों को इसके लिए नोटिस भेजने पर भी विचार चल रहा था, लेकिन यह भी कारगर साबित नहीं हुआ। अब हाल ये है कि दो सालों के करीब डेढ़ लाख चालान बकाया हो गए हैं। अब पुलिस इसके लिए किसी ऐसी कंपनी से बात कर रही है जो बैंक के कॉल सेंटर की तर्ज पर लोगों को चालान भरने के लिए फोन करे। इसके लिए कंपनी को भी भुगतान किया जाएगा। हालांकि, अभी मामला सिर्फ बातचीत के स्तर पर है, आने वाले दिनों में इस पर फैसला लिया जा सकता है।





# एल्युमिनियम फॉइल के ये मजेदार हैक्स नहीं पता होंगे आपको... जानिए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 01 फरवरी : एल्युमिनियम फॉयल (Aluminium foil) किचन में रखी एक ऐसी चीज है जिसकी मदद से आप बच्चों या बड़ों के लंच को बड़ी ही आसानी से पैक करते हैं और देर तक गर्म रखने में मदद करते हैं. इसके अलावा आप इसका इस्तेमाल कुकिंग के कई काम को आसान बनाने के लिए कर सकते हैं. लेकिन क्या आप जानते है कि आप इन एल्युनिमियम फॉयल के साथ कुछ मजेदार एक्सपेरिमेंट (Simple Aluminum Foil Hacks That Are Total Game Changers) कर सकते हैं और घर के कई काम को आसान बनाने में इनका इस्तेमाल कर सकते हैं? जी हां, आइए जानते हैं कि आप एल्युमिनियम फॉयल का इस्तेमाल किन काम को आसान बनाने के लिए घर पर बड़ी ही आसानी से कर सकते हैं. ये रहे एल्युमिनियम हैक्स







एल्युमिनियम फॉयल का इस तरह करें इस्तेमाल

प्याज को करें स्टोर

आमतौर पर जब हम कुकिंग या सलाद के लिए प्याज काटते हैं तो बचे हुए हिस्से को फ्रिज में यू हीं रख देते हैं. लेकिन प्याज में कुछ ऐसे एंजाइम होते हैं जिनकी वजह से प्याज पर तेजी से बैक्टीरिया पनपता है और यह फ्रिज में रखे अन्य खाने की चीजों को भी खराब कर सकता है. ऐसे में आप इन कटे प्याज को अच्छी तरह एल्युमिनियम फॉयल में रखकर स्टोर करें.

बनाएं ऑर्गेनिक खाद

आप कटे प्याज को फॉयल में लपेट कर रूम टेंपरेचर में दो से तीन दिन के लिए रख दें. अब आप इसे उन पौधों की जड़ों में रख दें जिन पौधों को एसिडिक मिट्टी की जरूरत होती है. ध्यान रहे कि पौधों की जड़ों से थोड़ा दूर इन्हें रखें. इस तरह यह पौधों के लिए खाद का काम करता है.

केले को स्टोर करें

अगर आपके घर घर में केला बड़ी ही आसानी से खराब हो जाता है तो आप इसे लंबे समय तक बचाने के लिए एल्युमिनियम फॉयल का इस्तेमाल कर सकते हैं. आप जब भी केला खरीदकर लाएं तो इसके डंठल को अच्छी तरह से एल्युमिनियम फाइल पर लपेट कर स्टोर करें. केला खराब नहीं होगा.

जंग करें साफ

अगर आपके किसी लोहे के बर्तन में जंग लग गया है तो आप एल्युमिनियम फॉयल की मदद से इसे साफ कर सकते हैं. आप पानी में एल्युमिनियम फॉयल के टुकड़े डालें और उसमें सल्फेट घिस लें. अब इस पानी में बर्तन में पानी को उबालें. बर्तन साफ हो जाएगा.

कपड़े करे साफ

अगर कपड़े काफी गंदे हैं और तो आप वॉशिंग मशीन में कपड़ों के साथ एक दो एल्युमिनियम फाइल का बॉल बनाकर डाल दें. इससे कपड़े अच्छे साफ होंगे.

## ग्रामीणों ने चांदनी खड्ड में बाढ़ सुरक्षा कार्य कराए जाने की मांग की

विकासनगर। तहसील क्षेत्र अंतर्गत चांदनी खड्ड में बाढ़ सुरक्षा नियंत्रण कार्य कराने को लेकर स्थानीय लोगों ने सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। स्थानीय लोगों ने ज्ञापन में बताया कि चांदनी खड्ड में रडू, मुन्धौल, डेरसा ,प्यूनल, चोरीलानी, खडकीनल, बागीया, कुल्हा आदि गांवों के ग्रामीण किसानों की कृषि भूमि है। जो हर वर्ष बरसात के सीजन में भू कटाव की जद में आ रही है, जिससे साल दर साल किसानों की कृषि भूमि कम होती जा रही है। चांदनी खड्ड के सैरटी गाड, बिऊलोग गाड, डेरसा खड का लगभग आठ किलोमीटर क्षेत्र आपदा प्रभावित जोन मे आता है। ग्रामीणों का कहना है कई बार सिंचाई विभाग से कृषि भूमि बचाव की गुहार लगाई गई, लेकिन विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे किसानों के सामने अपनी जमीन बचाने की समस्या विकट होती जा रही है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में प्रधान रडू अशोक प्रभाकर जोशी, प्रताप जोशी, दीप चन्द जोशी, विरेन्द्र जोशी, सुरेन्द्र सिंह, पृथ्वी सिंह, कल्याण सिंह, कर्म चन्द, कुंवर सिंह, भगतराम, काना सिंह, भागमल शर्मा, आत्मा राम शर्मा, सहज राम शर्मा, गणेश सिंह आदि शामिल रहे।

## विद्या से ही संस्कारों का निर्माण संभव:योगी कर्मवीर

रुडकी। वानप्रस्थी जन जागृति अभियान समिति की ओर से नौवां स्थापना दिवस देवाश्रम में धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि स्वामी कर्मवीर ने गुरुकुलीय शिक्षा अपनाने पर जोर दिया। कहा कि शिक्षा के साथ ही विद्या की भी आवश्यकता है। क्योंकि विद्या से ही संस्कारों का निर्माण संभव है। उन्होंने पूरे देश में सौ गुरुकुल स्थापित करने के अपने संकल्प को दोहराया। कहा कि गुरुकुल से प्राप्त शिक्षा के माध्यम से ही भारत दोबारा सोने की चिड़िया बन सकता है। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ कर प्रो. नवनीत अरोरा ने कहा कि परिवार का जीवन में बड़ा महत्व है। जिस व्यक्ति का परिवार में सम्मान नहीं है, वह समाज को भी कुछ नहीं दे सकता। विशिष्ट अतिथि डॉ. रकम सिंह ने कहा कि वनप्रस्थ जीवन का मूल उद्देश्य समाज के उत्थान के लिए सार्थक प्रयास करना है। वानप्रस्थ जीवन सिर्फ समाज सुधार के लिए समर्पित होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि ब्रह्मकुमारी गीता बहन ने कहा कि हमें अपने आराध्य शिव बाबा को प्रतिदिन एक पत्र लिखना चाहिए। जिससे हमें ईश्वरीय ज्ञान की प्राप्ति हो सके।

## फॉर्म हाउस के सीसीटीवी चेक करेगी पुलिस

रुडकी। सगाई समारोह से रकम और जेवरात चोरी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए फॉर्म हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालेगी। कोतवाली क्षेत्र के आसफनगर में एक फॉर्म हाउस में 28 जनवरी को रुडक्री के ओम विहार निवासी नवीन त्यागी के पुत्र का सगाई समारोह था। नवीन त्यागी ने तहरीर देकर बताया था कि वह अपना बैग सामने रखकर मेहमानों के साथ खाना खाने लगे थे। इस दौरान तीन लाख रुपये और लाखों के जेवरात से भरा बैग चोरी हो गया था। इंस्पेक्टर अमरचंद शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बताया कि कार्यक्रम स्थल में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक कर मामले की जांच की जाएगी।

## बकायेदारों के कनेक्शन काटे

रुडक्की। ऊर्जा निगम ने छापेमारी कर बिजली चोरी पकडने के साथ ही सौ से अधिक बकायेदारों के कनेक्शन काटे हैं। एसडीओ मोहम्मद रिजवान ने बताया कि बिजली चोरी कर रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। बताया कि अत्यधिक बिल बकाया होने के चलते सौ से अधिक उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए हैं।

# जिलाधिकारी विनीत तोमर ने की जनपद में बने अमृत सरोवरों की समीक्षा बैठक

अल्मोड़ा। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने आज कलेक्ट्रेट में जनपद में बने अमृत सरोवरों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधितों को निर्देश दिए कि जिन अमृत सरोवरों में पर्याप्त पानी है, उनमें आजीविका से संबंधित पर्यटन, मत्स्य पालन जैसी संभावनाएं तलाशी जाएं। साथ ही संबंधित विभागों के साथ समन्वय करके उनमें आजीविका से संबंधित गतिविधियों को शुरू किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जनपद के अंतर्गत जितने भी अमृत सरोवर बने हुए हैं, उनमें यह सर्वे भी किया जाए कि अमृत सरोवरों के आसपास कितने जल स्रोतों में पानी का डिस्चार्ज बढ़ गया है तथा कितने जल स्रोत संबंधित अमृत सरोवर से पुनर्जीवित हुए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन अमृत सरोवरों में पानी की मात्रा कम है, उनमें पानी बढ़ाने के लिए मरम्मत, कैचमेंट एरिया को बढ़ाने जैसे कार्य किए जाएं। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी एवं जनोपयोगी योजना है, इस योजना में विभाग विशेष रुचि लेकर कार्य करें तथा लोगों की आजीविका बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। बैठक में जिला विकास अधिकारी एसके पंत ने बताया कि जनपद भर में 103 अमृत सरोवरों का निर्माण किया गया है जिनमे 79 अमृत सरोवर ग्राम्य विकास विभाग, 14 वन विभाग तथा 12 ग्राम्या के द्वारा निर्मित किए गए हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे, प्रभागीय वनाधिकारी ध्रुव सिंह मर्तोलिया, मुख्य कृषि अधिकारी डी कुमार, परियोजना निदेशक ग्राम्या डॉ एसके उपाध्याय समेत अन्य उपस्थित रहे।

## देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल अल्मोड़ा का सदस्यता अभियान जारी

अल्मोड़ा। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल अल्मोड़ा का सदस्यता अभियान जारी है। आज रामलीला ग्राउंड खत्याड़ी तिनारा, बेस, लोअर माल रोड में व्यापारियों से संपर्क साधा और इस दौरान 112 व्यापारियों को देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण कराई गई व सदस्यता शुल्क जमा करवाया। सदस्यता अभियान के दौरान देवभूमि व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने स्थानीय व्यापारियों से उनकी समस्याओं को जाना और उन समस्याओं के समाधान हेतु सभी व्यापारियों से सुझाव भी मांगे। सदस्यता अभियान टीम में मनोज सिंह पवार, हिमांशु कांडपाल, ललित कनवाल, कमल सिंह बिष्ट, दीप चंद्र जोशी, मुकेश लटवाल, मोहित चौधरी आदि शामिल रहे।

## संपादकीय



# जनादेश का वंशवाद

झारखंड से शुरुआत करते हैं। वहां चुनावी जनादेश झामुमो गठबंधन को मिला था, जिसने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री चुना। अब वह कई गंभीर घोटालों में आरोपित हैं। क्या ऐसा होना चाहिए कि यदि उनकी गिरफ्तारी होती है, तो उनकी पत्नी कल्पना सोरेन को राज्य का मुख्यमंत्री बना दिया जाए? क्या चुने हुए विधायकों को एक ऐसे चेहरे को अपना मुख्यमंत्री मान लेना चाहिए, जो विधायक भी नहीं है? चूंकि हेमंत सोरेन झामुमो के 'आलाकमानी नेता' हैं, लिहाजा जो उनका आदेश या आग्रह होगा, उसे स्वीकार कर लिया जाए? जनादेश सोरेन के नेतृत्व में झामुमो गठबंधन को मिला था। क्या वह जनादेश भी पत्नी, बेटा-बेटी अथवा वंश के किसी अन्य व्यक्ति को स्थानांतरित किया जा सकता है? आम आदमी के संदर्भ में लें, तो क्या एक व्यक्ति को मिली नौकरी को परिवार में ही स्थानांतरित किया जा सकता है? क्या आप कह सकते हैं कि मैं अपना नियुक्ति-पत्र अपने परिजन को सौंप रहा हूं, कल से वही काम पर आएगा? आपकी नौकरी तुरंत खारिज हो जाएगी। दरअसल ये सवाल हमारे संविधान और लोकतंत्र के संदर्भ में बेहद गंभीर हैं और हमारी व्यवस्था पर ही सवाल करते हैं। संविधान में व्यवस्था की गई कि बहुमत वाले पक्ष के विधायक अपना नेता चुनेंगे। राज्यपाल उस व्यक्ति को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाएंगे। ऐसा ही संसद में सांसद अपना प्रधानमंत्री चुनते हैं। चूंकि हेमंत सोरेन पर घोटालों के गंभीर आरोप हैं और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) उनकी जांच कर रहा है। वह मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करे या पूछताछ कर आरोप-पत्र तैयार कर अदालत में दाखिल करे, यह ईडी अथवा किसी भी जांच एजेंसी का विशेषाधिकार है। इधर के दौर में जब चारा घोटाले में बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू यादव को जेल भेजा गया था, तो उन्होंने पार्टी विधायकों से अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री चुनवा दिया था। राबड़ी विधायक भी नहीं थीं और प्रशासनिक दृष्टि से भी निरक्षर थीं, फिर भी वह करीब 8 साल तक मुख्यमंत्री के पद पर रहीं। पार्टी लोकतंत्र और संविधान पर इससे क्रूर मजाक नहीं हो सकता। काफी पुरानी बात हो गई, जब देवीलाल को केंद्र में उपप्रधानमंत्री बनाया गया था, तो उनके ज्येष्ठ पुत्र ओमप्रकाश चौटाला को हरियाणा का मुख्यमंत्री बना दिया गया था। उनके चुनाव को लेकर उस दौर में कई 'महम' हुए। प्रधानमंत्री रहते हुए इंदिरा गांधी की हत्या की गई, तो तत्कालीन राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने राजीव गांधी को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिला दी थी। वह सांसद भी नहीं थे। हालांकि कुछ माह बाद लोकसभा चुनाव हुए, तो राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने 414 सीटें जीतीं। बहरहाल हेमंत सोरेन के संदर्भ में उनकी पत्नी को मुख्यमंत्री बनाया गया, तो वह जनादेश का एक और वंशवाद होगा। सवाल यह है कि पार्टी के भीतर किसी अन्य वरिष्ठ विधायक को मुख्यमंत्री क्यों नहीं चुना जाना चाहिए? मुख्यमंत्री रहते हेमंत सोरेन जिस तरह 41 घंटे 'लापता' रहे। राज्यपाल और शीर्ष नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों को उनका कोई सुराग नहीं था। सुरक्षा एजेंसियों के पसीने छूट गए कि आखिर मुख्यमंत्री कहां गए? रांची से दिल्ली, दिल्ली से कोलकाता तक चार्टर विमान और फिर सडक़ मार्ग से रांची तक लौटना...मुख्यमंत्री को इसकी जरूरत क्या थी? यदि उन्हें कोई निजी काम था, तब भी सुरक्षा-काफिला मुख्यमंत्री के संग चलना चाहिए था।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002

**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com

**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## छह माह के नि:शुल्क कंप्यूटर कोर्स का समापन

अल्मोड़ा। डिक्सन टेक्नोलॉजी इंडिया लिमिटेड के सहयोग से सपना एनजीओ की ओर से धौलछीना में हुए छह माह के निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण का समापन हो गया है। प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।बुधवार को निशुल्क कंप्यूटर कोर्स के समापन पर मुख्य अतिथि व्यापार मंडल अध्यक्ष दरवान सिंह रावत ने कहा कि संस्था दूर दराज के क्षेत्रों में निशुल्क प्रशिक्षण देकर बच्चों को बेहतर भविष्य देने का प्रयास कर रही है। सदस्यों ने जल्द ही बाड़ेछीना व पेटशाल में भी शिविर शुरू करने की बात की। यहां संस्था की निदेशक रेशमा गंगवार, कोऑर्डिनेटर संजय मेहता, रिटायर कर्नल संजय गंगवार, कंचन मेहरा, संजय मेहता आदि रहे।

## उत्तरकाशी से अयोध्या के लिए यात्रियों का जत्था रवाना

उत्तरकाशी। धार्मिक यात्रा परिषद पवनपुत्र राष्ट्रीय श्रीराम सेवा दल के द्वारा आयोजित श्री राम लला के दर्शन हेतु उत्तरकाशी से पहला जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। जिसमें संगठन की योजना अनुसार उपरीकोट, भराणगांव, दिलसौड़, मनेरा, थाती, कलीगांव, देवीधार, खट्टूखाल, खोलिया, कंवागांव, धनारी क्षेत्र के 70 प्रमुख कार्यकर्ताओं को पहले जत्थे में श्रीराम लला के दर्शन करने अयोध्य के लिए भेजा गया। यात्रा को राष्ट्रीय श्रीराम सेवा दल की अध्यक्ष किरन पंवार, अजय प्रकाश बड़ोला, महामंत्री सूरज डबराल, जितेन्द्र चौहान, शिव प्रसाद भट्ट, चंद्र शेखर भट्ट आदि ने भगवा झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जिसमें पवित्र लीला वाटिका द्वारा काशी वासियों से 31 हजार पन्नों में विजय महामंत्र श्री राम जय राम जय जय राम का लेखन हनुमान मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में अयोध्या के लिए सौंपा गया। इस अवसर पर गिरीश भट्ट, अजय बिष्ट, पवना सेमवाल, शांति राणा, विष्णु, उषा भट्ट, शिवम व्यास आदि मौजूद रहे।

## वाहन दुर्घटना में घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत, मुकदमा दर्ज

अल्मोड़ा। वाहन दुर्घटना में घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत हो गई है। मृतक की पत्नी ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस के मुताबिक घंघरेटी बेतालघाट नैनीताल निवासी खष्टी देवी ने तहरीर दी है। कहना है कि 26 दिसम्बर को वह और उनके 72 वर्षीय पति हैत राम ताड़ीखेत से हैड़ाखान चिलियानौला रानीखेत जा रहे थे। इस बीच पीछे से आ रही तेज रफ्तार वैन ने गलत साइड से ओवरटेक करने का प्रयास किया। वैन की टक्कर से वह गिर गई। जब तक उनके पति संभल पाते वैन ने उन्हें बुरी तरह कुचल दिया। चालक ने दूसरे वाहन से पति से रानीखेत के रानीखेत गोविन्द सिंह मेहरा राजकीय चिकित्सालय भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। महिला ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के मुताबिक मामले में अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना की जांच शुरू कर दी है।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

ऋषिकेश। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आवाास विकास में आयोजित बाल सभा में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, कुमाउनी, हिमाचली, हरियाणवी, पंजाबी लोक गीतों और नृत्यों की प्रस्तुतियां देकर खूब रंग जमाया। एक के बाद एक शानदार प्रस्तुतियों से दर्शक मंत्रमुग्ध नजर आए।

# संक्षिप्त खबरें

## राइंका बल्ली की टीम रही विजेता

कोटद्वार। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अन्तर्गत राजकीय इंटर कालेज के सभागार में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान और गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अटल उत्कृष्ट राइंका बल्ली की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आरंभ मुख्य अतिथि पीटीए अध्यक्ष महेंद्र कुमार अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान युग विज्ञान का युग है। इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों के बौद्धिक एवं वैज्ञानिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। प्रधानाचार्य मुकेश रावत ने कहा कि छात्रों के मध्य स्वस्थ प्रतियोगिता का होना जरूरी है। ब्लॉक विज्ञान समन्वयक सरिता रौतेला ने बताया कि प्रतियोगिता में विकास खंड दुगड्डा के सात विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। जिसमें अटल उत्कृष्ट राइंका बल्ली प्रथम, राइंका कोटद्वार द्वितीय तथा राकंइंका लालपानी तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता का संचालन मनमोहन सिंह चौहान, सीतांशु खुगशाल एवं चंद्रमोहन सिंह नेगी ने किया।

## पेयजल समस्या को हल करने की मांग

कोटद्वार। विकास खंड कल्जीखाल के अंतर्गत राजस्व ग्राम बगानीखाल की जनता पेयजल संकट से जूझ रही है। हालत यह है कि ग्रामीणों को डेढ़ किमी दूर से पेयजल लाना पड़ रहा है। वहीं संबधित विभागीय अधिकारी ग्रामीणों की मांग को अनसुना कर रहे हैं। इस संबध में ग्रामीणों की ओर से जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान समय में जहां सरकार हर घर नल-हर घर जल की बात कर रही है। वहीं बगानीखाल के ग्रामीण पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। गांव में बिछाई गई पेयजल लाइन लगभग 45 साल पुरानी हो गई है और पेयजल लाइन के पाइप सड़ गए हैं। अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीण कई बार अधिशासी अभियंता जल संस्थान पौड़ी, क्षेत्रीय विधायक, सांसद व मुख्यमंत्री से भी ग्रामीणों की समस्या का निस्तारण करने की फरियाद कर चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। वहीं ग्राम दिउषा और कुशियां में व्यास घाट डांडा नागराजा परियोजना से पानी दिया जा रहा है लेकिन ग्राम बगानीखाल को इससे वंचित कर दिया गया है। जो ग्रामीणों के साथ अन्याय है। ज्ञापन में जिलाधिकारी से अविलंब ग्रामीणों की इस समस्या का निस्तारण करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में राजेश थपलियाल, प्रेम प्रकाश थपलियाल, जगमोहन तडियाल, विवेकानंद, कुर्मानंद, ऋषिबल्लभ थपलियाल, जयप्रकाश थपलियाल और प्रदीप थपलियाल आदि थे।

## आगामी चुनाव लड़ेगी यूकेडी

कोटद्वार। उत्तराखंड क्रांति दल कोटद्वार इकाई की शिब्बू नगर में आयोजित बैठक में आगामी चुनावों में प्रतिभाग करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पार्टी नेता डॉ. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल आगामी चुनावों में भाग लेगा। इसके लिए शीघ्र संसदीय बोर्ड की बैठक बुलाकर उम्मीदवारों के चयन पर पर चर्चा करने के साथ ही चुनाव को प्रभावी ढंग से लडऩे के लिए चुनाव संचालन समिति और चुनाव प्रचार समिति का गठन किया जाएगा। जगदीपक सिंह रावत ने कहा कि संगठन को वार्ड और पंचायत स्तर पर मजबूत बनाने पर कार्य किया जा रहा है। मौके पर महानगर अध्यक्ष पुष्कर सिंह रावत ने घोषणा की कि 5 फरवरी से आरंभ होने वाले विधानसभा सत्र के अवसर पर दल कोटद्वार में विभिन्न स्थानों पर धरना प्रदर्शन करेगा। इस दौरान चिलरखाल-लालढांग मोटर मार्ग व मालन नदी पुल का निर्माण, कण्व आश्रम का राष्ट्रीय पौराणिक स्थल और तीर्थ के रूप में विकास करना ,मोटर नगर का शीघ्र निर्माण, ट्रंचिंग ग्राउंड का निर्माण, जंगली जानवरों से किसानों की फसलों की रक्षा, गूल और नहरों का निर्माण ,सडक़ों का निर्माण और सरकारी अस्पताल में डॉक्टर और आधुनिक सुविधाओं की व्यवस्था उपलब्ध कराने आदि की मांग सरकार से की जाएगी। बैठक में सत्य प्रसाद भारद्वाज, प्रवेश चंद्र नवानी ,गोविंद डंडरियाल, राजेंद्र पंत ,विनोद चौधरी, सत्यपाल सिंह नेगी और भारत मोहन काला सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

## चुनाव समिति के सदस्यों की सूची उपलब्ध कराएं

कोटद्वार। गढ़वाल जीप टैक्सी समिति कोटद्वार के पदाधिकारियों व सदस्यों के चुनाव के लिए चुनाव समिति का गठन किया जाना प्रस्तावित है। चुनाव समिति ही चुनाव संपन्न करायेगी। इसके लिए समिति की ओर से सभी प्रबंधकारिणी सदस्यों व कर्मचारियों को एक सप्ताह के अंदर अपने-अपने मार्गों से किसी एक वाहन स्वामी को चुनाव समिति का सदस्य चुनकर विवरण समिति कार्यालय में एक सप्ताह के अंदर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। वाहन का समिति में पंजीकरण होना आवश्यक है। यह जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष अमरदीप सिंह रावत ने सभी कर्मचारियों से शीघ्र ही चुनाव समिति के सदस्यों की सूची उपलब्ध कराने की अपील की है।

## कंट्रोलरूम पहुंच सीएम ने अल्मोड़ा के ग्रामीण की शिकायत सुनी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने बुधवार को आईटीडीए का औचक निरीक्षण कर यहां सीएम हेल्पलाइन कंट्रोल रूम से अल्मोड़ा के ग्रामीण की शिकायत सुनी। उन्होंने जिलाधिकारी को ग्रामीण की शिकायत दूर करने के निर्देश दिए। सीएम धामी ने बुधवार सुबह अचानक आईटीडीए का रुख कर यहां सीएम हेल्प लाईन 1905 और इंटीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन के कंट्रोल रूम से अल्मोड़ा जनपद के पच्योना गांव निवासी लाल सिंह की समस्या सुनी। लाल सिंह ने सीएम हेल्पलाईन 1905 पर शिकायत दर्ज कराई थी कि खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग ने बिना किसी पूर्व सूचना के उनका राशन कार्ड रद्द कर दिया है, जिस कारण क्षेत्रीय राशन डीलर द्वारा उन्हें राशन नहीं दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने लाल सिंह से बात करते हुए कहा कि उनकी समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने जिलाधिकारी अल्मोड़ा को निर्देश दिए हैं कि जिला पूर्ति अधिकारी अल्मोड़ा के स्तर पर लंबित इस समस्या का समाधान जल्द कराया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने आईटीडीए के इंटीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर से यातायात व्यवस्थाओं का जायदा लिया। उन्होंने यातायात व्यवस्थाओं में लगे अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाए। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन के कार्मिकों से कहा कि लोगों की विभिन्न समस्याओं को सुनते हुए, शालीनता से बात की जाए। मुख्यमंत्री हर माह स्वयं सीएम हेल्पलाईन 1905 की विस्तृत समीक्षा करते हैं। इस अवसर पर सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी भी मौजूद थे।

## पत्र लेखन प्रतियोगिता 10 मार्च को

देहरादून। डाक विभाग की ओर से 10 मार्च को अंतरराष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जीपीओ के सीनियर पोस्ट मास्टर टीएस गुसाईं ने बताया कि ऐसे युवा जिनकी उम्र 30 अप्रैल 2024 तक 15 वर्ष से अधिक नहीं है, वह प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रतियोगिता घंटाघर स्थित जीपीओ में होगी। स्कूलों में भी प्रतियोगिता करवाई जा सकती है और प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद कॉपी मूल्यांकन के लिए डाक विभाग के मंडल कार्यालय को भेजनी होगी। बताया कि सर्किल स्तर पर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागी को 25 हजार, द्वितीय को 10 हजार और तृतीय को 5 पांच और नेशनल स्तर पर प्रथम प्रतिभागी को 50 हजार, द्वितीय को 25 हजार और तृतीय को 10 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

# राष्ट्रीय सडक़ मार्ग व फुटपाथ पर हुए अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की जाए: जिलाधिकारी

अल्मोड़ा। जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में जिला सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी निर्माणाधीन विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद के अन्तर्गत राष्ट्रीय/राज्य राज मार्गो का रोड सेफ्टी ऑडिट का लक्ष्य निर्धारित करते हुए अपूर्ण मोटर मार्गों का कार्य समय से पूर्ण किया जाय। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय सडक़ मार्ग व फुटपाथ पर हुए अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की जाए। समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधितों को निर्देश दिए कि प्रवर्तन की गतिविधियों को बढ़ाया जाए। उन्होंने यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में सडक़ दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सडक़ सुरक्षा तंत्र को प्रभावी बनाते हुए शून्य दुर्घटना विजन स्थापित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि दुर्घटनाओं की मजिस्ट्रीयल जांच समयबद्धता के साथ करते हुए पोर्टल पर अपलोड की जाए। जिलाधिकारी ने दुर्घटना संभावित स्थलों पर क्रश बैरियर लगाने, वाहन चालकों के लाईसेंस की जांच व वाहनों की निरंतर फिटनेस विश्लेषण व मोटरयान कानून का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए वाहन चालकों का समय-समय पर चिकित्सकीय परीक्षण भी कराने के निर्देश पुलिस विभाग, संभागीय परिवहन के अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने दुर्घटना संभावित स्थानों पर किए जाने वाले सुरक्षात्मक कार्यों को समयबद्धता से करने के निर्देश कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में संचालित 108 एम्बुलेंस व अन्य एम्बुलेंस व्यवस्था को सुदृढ रखा जाय। उन्होंने निर्देश दिए कि समय-समय पर वाहनों में आने वाली तकनीकी समस्याओं के लिए सम्बन्धित विभाग से पत्राचार किया जाए ताकि वाहनों के संचालन में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित स्थानों पर गति सीमा के साइन बोर्ड लगाए जाए। बैठक में अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी डीएस ह्यांकी, सम्भागीय परिवहन अधिकारी गुरु देव सिंह, उपजिलाधिकारी जैती भनोली एनएस नगन्याल सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# 9 सूत्रीय मांगों को लेकर लोनिवि के डिप्लोमा इंजीनियर्स का कार्यस्थल बहिष्कार जारी

अल्मोड़ा। सहायक अभियंता के रिक्त पदों पर पदोन्नति करने समेत 9 सूत्रीय मांगों को लेकर लोक निर्माण विभाग के डिप्लोमा इंजीनियर्स का कार्यस्थल बहिष्कार जारी है। आंदोलन के तीसरे दिन डिप्लोमा इंजीनियर्स ने चौघानपाटा स्थित निर्माण खंड कार्यालय के बाहर नारेबाजी की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रांतीय आह्वान पर आंदोलन के पहले चरण में कार्यस्थल बहिष्कार किया जा रहा है। अगर मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने सहायक अभियंता के रिक्त पदों पर अपर सहायक अभियंताओं की पदोन्नति करने, 2018 में भर्ती हुए कार्मिकों का स्थायीकरण किए जाने, कार्यस्थल पर मेट बेलदार की नियुक्ति करने तथा 55 साल की आयु पूरी कर चुके कार्मिकों का ऐच्छिक तबादला करने समेत सभी मांगों पर कार्यवाही करने की मांग की। उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के खंडीय अध्यक्ष हेमंत पाठक ने कहा कि डिप्लोमा इंजीनियर्स 9 सूत्रीय मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्षरत है। शासन की हठधर्मिता से मजबूरन डिप्लोमा इंजीनियर्स को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ा है। पाठक ने कहा कि प्रांतीय आह्वान पर फिलहाल डिप्लोमा इंजीनियर्स द्वारा दफ्तरों में सभी कार्य किए जा रहे है सिर्फ कार्यस्थल बहिष्कार किया जा रहा है। अगर मांग पूरी नहीं होती तो पूर्ण कार्यबहिष्कार के साथ ही उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर खंडीय अध्यक्ष हेमंत पाठक, गणेश जोशी, गोविंद नाथ, हरीश जोशी, हेम चंद्र पंत, कैलाश रौतेला, आलोक ओली, सुरेश पौडियाल, रवि दानी आदि मौजूद रहे।

## आईडीपीएल में हाट लगाने की अनुमति दे जिला प्रशासन

ऋषिकेश। आईडीपीएल में हाट बाजार को बंद करवाए जाने पर वेंडरों ने नाराजगी जताई है। उन्होंने डीएम को ज्ञापन भेज राष्ट्रीय फेरी नीति के तहत उचित स्थान उपलब्ध नहीं कराए जाने तक आईडीपीएल हाट लगाने की अनुमति देने की मांग उठाई। बुधवार को आईडीपीएल हाट बाजार के वेंडरों ने एसडीएम के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भेजा। फेरी नगरीय समिति नगर निगम ऋषिकेश के सदस्य राजू गुप्ता ने कहा कि आईडीपीएल हाट बाजार में कई दशकों से बेंडरों द्वारा लघु व्यापार कर अपने परिवार का भरण-पोषण किया जा रहा था। अकस्मात ही वन विभाग के कुछ कर्मचारियों ने बेंडरों एवं किसानों को हाट बाजार में फड़ लगाने से मना कर दिया है। इससे उनके परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट मंडराने लगा है। राष्ट्रीय फेरी नीति के नियमानुसार बेंडरों को किसी सक्षम अधिकारी द्वारा व्यापार करने के लिये कोई अन्य स्थान नहीं दिया गया है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमन्त्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से वेंडरों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कई योजनायें चलायी जा रही हैं। ऐसे में राष्ट्रीय फेरी नीति के नियमों के अनुसार वेंडरों को तभी हटाया जा सकता है, जब उन्हें व्यापार करने के लिए अन्य स्थान उपलब्ध करा दिया जाए। इसलिए इन सभी वेंडरों को हाट बाजार आईडीपीएल में व्यापार करने की अनुमति दी जाए और जो भी नियम विरुद्ध जबरदस्ती इन्हें व्यापार करने से रोक रहे हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। मौके पर रामकृपाल गौतम, लल्लन राजभर, दीपक कुमार, आनंद मौर्या, धनंजय जायसवाल, राकेश वर्मा, आदित्य वर्मा, विजय गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, महेश कुमार, विनोद, प्रदीप जायसवाल, मनीष कुमार, पिंटू, राधेश्याम गुप्ता, अमित कुमार, राजेश पांडेय, धर्मेंद्र पांडेय, दिलीप, गोपाल, बॉबी कुमार, बिजेंद्र जाटव, राजेश, सोनू, उमेश गुप्ता, बल्लू, प्रमोद पांडेय, देवराज मोर्य, संजय पांडेय, सूरज कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## ढकरानी इंटेक में मिला युवक का शव

विकासनगर। शक्तिनहर में ढकरानी पावर हाउस के इंटेक से बुधवार को एक युवक का शव मिला। शव की शिनाख्त होने के बाद पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर मामले की जांच की जाएगी। शहर कोतवाल राजेश शाह ने बताया कि ऊर्जा निगम कर्मचारियों ने बुधवार सुबह इंटेक में एक शव के फंसे होने की सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे एसडीआरएफ के जवानों ने शव को बाहर निकाला। मृतक से बरामद आधार कार्ड से उसकी पहचान विशाल पासवान (30) पुत्र दुलीचंद निवासी तेलपुर-मेहूवाला थाना पटेलनगर हाल निवास जमनीपुर-विकासनगर के तौर पर हुई। मृतक के परिजनों को मौके पर बुलाकर शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम कर शव सौंप दिया गया। परिजनों ने बताया कि युवक घर से पॉल्ट्री फार्म जाने की बात कह कर निकला था।

## ऋषिकेश से वाराणसी के लिए प्रतिदिन ट्रेन चलाए सरकार

ऋषिकेश। ऋषिकेश और आसपास के क्षेत्र में पूर्वांचलवासी बड़ी संख्या में निवारत हैं। ऐसे में पूर्वांचल के लोगों ने ऋषिकेश से वाराणसी तक प्रतिदिन सुपरफास्ट ट्रेन चलाए जाने की मांग उठाई है। इसके लिए उन्होंने रेल मंत्री को ज्ञापन भेजा। बुधवार को हॉकर्स ज्वाइंट एक्शन कमेटी के बैनर तले पूर्वांचल के लोगों ने ऋषिकेश रेलवे स्टेशन मास्टर कार्यालय के माध्यम से रेलवे मंत्री को ज्ञापन भेजा। कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष लल्लन राजभर ने कहा कि ऋषिकेश, टिहरी, हरिद्वार, पौड़ी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, मुनिकीरेती, श्रीनगर, स्वर्गाश्रम आदि स्थानों पर गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, पडरौना, देवरिया, मटनी, बलिया, मऊ, गाजीपुर, आजमगढ़, वाराणसी आदि स्थानों के लाखों लोग निवास करते हैं। इसके अतिरिक्त पश्चिमी बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों के लिये चारधाम यात्रा के लिए ऋषिकेश तक कोई सीधी रेल सेवा नहीं होने के कारण 2-3 बार ट्रेन बदलकर आना-जाना पड़ता है।

उन्होंने ऋषिकेश से वाराणसी तक सीधी रेल सेवा का संचालन करने, राप्ती गंगा एक्सप्रेस को प्रतिदिन चलाने, देहरादून और हरिद्वार से आने वाली सभी ट्रेनों का कम से कम 2 मिनट का स्टॉप रायवाला स्टेशन में रखने, ऋषिकेश के पुराने रेलवे स्टेशन का सौन्दर्यीकरण करने की मांग की। कहा कि इससे उत्तराखंड को पर्यटन का लाभ भी मिल सकेगा।

ज्ञापन देने वालों में प्रदेश महासचिव शैलेन्द्र कुमार गुप्ता, रामबदन, रामनारायण, रामजी मौर्य, अमेरिका यादव, रामप्रसाद, गोरखनाथ यादव, अच्छेलाल, हंसनाथ, गुलाब चंद्र गुप्ता, संजय गुप्ता, बृजेश राजभर, रामप्रसाद यादव, रंजीत गुप्ता, सनोज कुमार, जितेंद्र पांडेय आदि शामिल रहे।

## लकड़ी की अवैध खरीद फरोख्त करने वाले पर लगेगा पांच लाख का जुर्माना

विकासनगर। चकराता ब्लाक के खत भरम के गौना-बुल्हाड में आयोजित खत की बैठक में नशे का व्यवसाय और सेवन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। बैठक में ग्रामीणों ने लकड़ी की अवैध की खरीद फरोख्त करने वालों के खिलाफ पांच लाख का अर्थदंड लगाने का कठोर निर्णय लिया। गौना बुल्हाड में खत भरम के स्याणा गजेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजित बैठक में बुल्हाड़, बायला, उदावा, बागनी, असोह के ग्रामीणों ने भाग लेकर नशा बेचने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने कहा कि गांव व आसपास स्थित दुकान या अन्य जगह जो व्यक्ति कच्ची, पक्की शराब, बियर बेचता पाया गया उस पर 21 हजार रुपये का दंड लगाया जाएगा। भांग, सुल्फा, गांजा आदि सूखा नशा बेचने वाले पर 31 हजार का जुर्माना लगेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### आशाओं को पढ़ाया सेवा-व्यहवार का पाठ

देहरादून। शहर की आशाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से मल्टी स्किलिंग ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। जिसमें सीएमओ कार्यालय से राकेश बिष्ट, संगीता नवानी ने आशाओं को मरीजों की सेवा, व्यवहार, एप पर कार्य करने की तकनीकी जानकारी दी। बुधवार को समापन के मौके पर सभी आशाओं ने दोनों ट्रेनर का आभार जताया। इस दौरान अंजली यादव, नीरज यादव, सुनीता पाल, शबाना, शशिबाला, अरुण शर्मा, बबीता वर्मा, अंजुम आदि मौजूद रही।

### युवा कांग्रेस ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव प्रकरण में प्रदर्शन किया

देहरादून। युवा कांग्रेस ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। एस्लेहाल चौक पर प्रदर्शन करते हुए युवा कांग्रेसियों ने भाजपा का पुतला भी फूंका। कहा कि भाजपा लोकतंत्र में चुनाव की मर्यादा को भी बनाकर नहीं रखना चाहती है। प्रदर्शन करते हुए युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि विपक्ष के खिलाफ भाजपा लगातार साजिश कर रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के देहरादून दौरे के दौरान भी भाजपा ने परेड ग्राउंड में कार्यक्रम करने की इजाजत नहीं दी। मल्लिकार्जुन खडके ने देहरादून की रैली में साफ तौर पर चेता दिया था कि आने वाले समय में भाजपा इस लोकतंत्र को चुनाव विहीन करने में तुली है। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भी यह सामने भी आ गया है। प्रदर्शन प्रदेश उपाध्यक्ष विनीत प्रसाद भट्ट बंटू, मोहन भंडारी, जिला प्रभारी नवीन रमोला, रितेश क्षेत्री, रोबिन त्यागी, शिवा वर्मा, पीयूष जोशी, अजय रावत, देवेश उनियाल, प्रदेश प्रवक्ता अमनदीप बत्रा, जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ वर्मा, जिला उपाध्यक्ष मोहित मेहता, विधानसभा अध्यक्ष सागर सेमवाल, अभिषेक बिष्ट, अंकित थापा, सौरभ रावत, करन नेगी मौजूद रहे।

### सेंट जोजेफ में ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन

देहरादून। सेंट जोजेफ स्कूल में बुधवार को किंडरगार्डन के बच्चों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को एसएसपी अजय सिंह ने पुरस्कार बांटे। एसएसपी ने कहा कि अगर बच्चों की नीव मजबूत होगी तो बुनियाद उतनी ही मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि हमारी विरासत और संस्कृति को विकसित करने में अहम रोल निभाती है। ऐसे में हमें इस पर विशेष ध्यान देना होगा। कहा कि आज के बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ संस्कार भी देने जरूरी हैं। उन्होंने बच्चों को अगली कक्षा में जाने के लिए बधाई भी दी। कार्यक्रम में बच्चों ने कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। इस दौरान प्रिंसिपल ब्रदर जयसिलन,उप प्रधानाचार्य ब्रदर एसस्थनस,ब्रदर कैरल,जूनियर स्कूल कोआर्डिनेटर विम्मी सौंधी सहित कई लोग मौजूद थे।

### बदरी-केदार की तर्ज पर बने यमुनोत्री का मास्टर प्लान

उत्तरकाशी। बदरीनाथ-केदारनाथ धाम की तर्ज पर यमुनोत्री में मास्टर प्लान बनाने की मांग उठी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यमुनोत्री धाम की विषम भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए मास्टर प्लान जरूरी है। मुख्यमंत्री को इस संबंध में ज्ञापन भेजा गया। सामाजिक कार्यकर्ता महावीर पंवार के नेतृत्व में क्षेत्र के युवाओं ने उपजिलाधिकारी बडकोट के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज 16 बिंदुओं पर यमुनोत्री धाम में कार्य करने की जरूरत बताई है। इसमें धाम में पुल निर्माण, शौचालय, फ्लाई ओवर, पौराणिक कुंडो का सौंदर्यीकरण, नाली निर्माण, जानकी चट्टी और यमुनोत्री में पशु चिकित्सालय बनाने, पैदल मार्ग चौड़ीकरण के काम शामिल हैं। ज्ञापन में कहा कि यमुनोत्री धाम को केदारनाथ की तर्ज पर मास्टर प्लान के तहत विकसित करने को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि कई साल से मांग कर रहे हैं। आरोप है कि हर बार इस मांग की उपेक्षा हो रही है। शासन को कई बार मंदिर समिति, पंडा-पुरोहित समाज के प्रतिनिधिमंडल ने यमुनोत्री की समस्याओं को बताया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यमुनोत्री धाम को केदारनाथ की तरह विकसित करने से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल पाएंगी। इससे धाम में श्रद्धालु भी अधिक पहुंचेंगे। स्थानीय बेरोजगारों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। ज्ञापन में प्रदेश और केंद्र सरकार से केदारनाथ की तर्ज पर कालिंदी पर्वत पर स्थित चारों धाम में प्रथम धाम यमुनोत्री को भी विकसित करने की मांग करते हुए जल्द मास्टर प्लान तैयार करने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में जिला पंचायत सदस्य आनंद राणा, महावीर पंवार, अरविन्द रावत, भगवती बिजल्वाण, नितिन चौहान, विपिन चौहान, प्रहलाद रावत, दलवीर चंद सहित कई लोग शामिल रहे।

### उत्तरकाशी कोतवाल अमरजीत ने संभाला चार्ज

उत्तरकाशी। नव नियुक्त कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने थाने का प्रभार संभालते हुए नगर क्षेत्र में यातायात, नशा और अन्य कानून व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की प्राथमिकता बताई। थानाध्यक्ष अमरजीत सिंह ने कहा कि उत्तरकाशी में सुदृढ़ कानून व्यवस्था के साथ ही नशे की समस्या को खत्म करने के लिए तत्पर हैं। दूसरी ओर, थाना धरासू के प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार चौकी गेंवला पर स्थानीय व्यापार मण्डल, जनप्रतिनिधियों, टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों व स्थानीय नागरिकों के साथ गोष्ठी कर क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम, कानून एवं शान्ति व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, नशा तथा अन्य संदिग्ध गतिविधियों के सम्बन्ध में चर्चा-परिचर्चा की। मीटिंग में बाहरी प्रान्तों से व्यापार व मजदूरी करने आये व्यक्तियों के शत-प्रतिशत पुलिस सत्यापन करने पर जोर दिया। गेंवला ब्रह्मखाल में सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात विशेषकर चारधाम यात्रा सीजन के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाये रखने हेतु सभी को सडक़ पर अनावश्यक वाहन खड़ा न करने तथा अति आवश्यक होने पर वाहन को कुछ समय के लिए सडक़ के एक ही तरफ पार्क करने की सलाह दी गयी।

### जीआईसी हवालबाग में साइंस टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग मैथमेटिक्स, स्टेम लैब का हुआ उद्घाटन

अल्मोड़ा। राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज हवालबाग में अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से साइंस टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग मैथमेटिक्स, स्टेम लैब का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश चंद्र आर्या, डायट प्राचार्य जीजी गोस्वामी विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ कपिल नयाल व डायट प्रवक्ता गोपाल सिंह गैड़ा ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया। इस लैब में भौतिकी, रसायन विज्ञान व जीव विज्ञान से संबंधित कई मॉडल तथा डू इट योरसेल्फ किटस रखी गई हैं, जिनसे विद्यार्थी हैंडस ऑन के माध्यम से स्वयं प्रयोग कर विज्ञान में रुचि जागृत कर सकते हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में ही रोल मॉडल इंटरेक्शन के तहत विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अनुराधा भारती ने विद्यार्थियों से सही करियर चयन एवं विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक बातें बताई। उन्होंने बच्चों के साथ प्रश्नों के माध्यम से संवाद स्थापित किया एवं विज्ञान के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों के बारे में बताया। इस अवसर पर बोलते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ कपिल नयाल ने बताया कि अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन द्वारा स्थापित स्टेम लैब न केवल इस विद्यालय के विद्यार्थियों बल्कि पूरे समुदाय के विद्यार्थियों हेतु मील का पत्थर साबित होगी।